एक नजर में

बिजली उपभोक्ता शिकायत निवारण बैठक 23 को

राजगढ़ 15 जुलाई, का. विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम द्वारा उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण हेतु 23 जुलाई को दोपहर 12 बजे से अपराह्न 4 बजे तक विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की बैठक पोस्ट आफिस के पास वृत्त कार्यालय राजगढ़ में आयोजित की जाएगी. बैठक में पीडित विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों (विद्युत अधिनियम की धारा 126, धारा 135 से 139, धारा 161 एवं बकाया राशि की वसूली जहां बिल की गई राशि विवादित न हो को छोड़कर) की सुनवाई की जाएगी. संबंधित विद्युत उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि वे अपनी शिकायत एवं आवश्यक दस्तावेजों सहित निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर अपनी शिकायत का निराकरण प्राप्त करें.

स्टार्टअप कार्यशाला आज

राजगढ़ 15 जुलाई, का. भारत सरकार की स्टार्टअप इंडिया पहल के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र राजगढ़ द्वारा आज 16 जुलाई को प्रात: 10 बजे होटल संस्कृति राजगढ़ में एक दिवसीय जिला स्तरीय स्टार्टअप कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा. कार्यशाला का उद्देश्य जिले के युवाओं, स्थानीय उद्यमियों, स्टार्टअप संस्थापकों, नवाचार के क्षेत्र में कार्यरत प्रतिभाओं तथा भावी उद्यमियों को स्टार्टअप इकोसिस्टम, नवाचार आधारित उद्यमिता एवं स्वरोजगार के नवीन अवसरों से परिचित कराना है. कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभागियों को सफल स्टार्टअप स्थापित करने की प्रक्रिया, शासन की विभिन्न योजनाओं तथा व्यवसाय विस्तार के व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी विशेषज्ञों द्वारा प्रदान की जाएगी.

नशे से दूरी है जरूरी 2.0 का शुभारंभ

ब्यावरा 15 जुलाई, का. शासकीय महाविद्यालय में 15 जुलाई से 30 जुलाई तक चलने वाले नशे से दूरी है जरूरी 2.0 नशा उन्मूलन अभियान के शुभारंभ अवसर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. इस मौके पर प्राचार्य डॉ. आरके गुप्ता, एनएसएस अधिकारी डॉ. केएन मीना एवं एनसीसी अधिकारी प्रो. हेमंत कुमार शर्मा ने युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति परिवार एवं समाज के लिए घातक है. इसके पश्चात ड्रग अवेयरनेस रन का आयोजन किया गया. इस मौके पर प्रो अरविंद भारद्वाज,प्रो प्रमोद कुमार खरे, डॉ. एचएल प्रजापति, राकेश सिंह जाटव सहित समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे.

13 साल की सेवा के बाद की नम आंखों से विदाई

पडाना 15 जुलाई, सं. गुलावता संकुल केंद्र के अंतर्गत माध्यमिक विद्यालय शेरपुरा में पदस्थ शिक्षक धन्नालाल भिलाला 13 साल तक विद्यालय में सेवा देने के बाद अब वे सईदाबाग माध्यमिक विद्यालय में सामाजिक विज्ञान के शिक्षक के रूप में पदस्थ होंगे.इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं ने अपने प्रिय गुरु को घड़ी और पुष्प माला भेंट कर सम्मानित किया. इस मौके पर प्राचार्य एल.एन. नागर, गोपाल सेवनिया, राजेश बरेठा, रमेश राजपूत, रोहित संगोई, शिव वर्मा, जगदीश मालवीय देवकरण चौधरी उपस्थित रहे.

भूमि बेचना है
नेशनल हाईवे नंबर 3 बायपास प्रज्ञा सागर शुजालपुर से बाईपास में मुआवजा मिलने के बाद 11 बीघा जमीन बेचना है. सरेड़ी पटवारी
सम्पर्क करें : 9424406947
बिल : 09 अगस्त

पहले पत्नि की हत्या, फिर खुद फांसी पर चढ़ा

तलेन के ग्राम फूलपुरा में हत्या के बाद आत्महत्या के मामले से सनसनी फैली

पति ने पहले पत्नी को चाकू से गोदकर हत्या की, फिर खुद फांसी लगाई
तलेन के फूलपुरा गांव में हुई वारदात, दोपहर बाद पचोर में हो पाया शवों का पीएम

खाना देने गई थी पत्नि, पति ने चाकुओं से हमला किया



तलेन. आरोपी पति ने पहले पत्नि की जघन्य हत्या की, इसके बाद खुद ने खिड़की से फंदा बनाकर फांसी लगा ली.

नवभारत न्यूज

तलेन 15 जुलाई, सं. तलेन थाना क्षेत्र के गांव फुलपुरा में सनसनीखेज मामला सामने आया है. जानकारी अनुसार गांव फुलपुरा में पति ने पहले चाकू से गोदकर पत्नी की हत्या कर दी फिर खुद फांसी लगाकर जान दे दी. घटना मंगलवार शाम लगभग 6.30 बजे के आसापास की बताई जा रही. पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मृतक पत्नी सुशील उम्र 48 वर्ष रोजाना की तरह कुए पर स्थित मकान पर रह रहे पति रायसिंह उर्फ बालक नाथ पिता प्रभुलाल लववंशी उम्र 50 वर्ष को खाना देने गई हुई थी.

जहां पर पति ने चाकुओं से गोदकर पत्नी सुशीला की हत्या कर दी पति ने पत्नी पर चाकू से 15 से 20 वार किए जिससे पत्नी की मौके पर मौत हो गई वहीं फिर आरोपी ने खिड़की से खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. कुएं स्थित मकान पर आरोपी मृतक राय सिंह अकेले रहता था. आरोपी मृतक की पत्नी तथा परिवार गांव में स्थित मकान पर रहते थे. जब मृतक का बेटा नवीन शाम को काम करके घर लौटा तो उस की मां घर पर नहीं थी उनका फोन भी बंद आ रहा था. गांव में आसपास ढुढने के बाद जब वहां कुएं स्थित मकान पर गया जब जाकर घटना की जानकारी लगी. मकान का अंदर से फाटक लगा हुआ था. बालक नवीन द्वारा पुलिस को सूचना दी गई.

पुलिस मौके पर पहुंची मकान की खिड़की तोड़कर अंदर करके प्रवेश किया जहां पर -पत्नी खून से लथपथ जमीन पर पड़ी हुई थी. पति फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला.

तलेन में नहीं हुआ पीएम, पचोर में दिन भर लगा

मामले में हर बार की तरह तलेन में शवों का पोस्टमॉर्टम नहीं हो सका. पुलिस ने मंगलवार की रात ही घटना के बाद मर्ग कायम कर लिया था. दोनों पति-पत्नि के शवों को पोस्टमार्टम के लिए बुधवार सुबह पचोर भेजा गया. क्योंकि तलेन में पीएम के लिए चिकित्सक नहीं है. पचोर में भी शव दिन भर रखे रहे और साढ़े 3 बजे शवों का पंचनामा हो सका. परिजनों को घंटों इंतजार करने के बाद मृतकों का पोस्टमार्टम उपरांत शव मिल पाए. मामले में पुलिस प्रथम दृष्टया किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है. इस घटनाक्रम के पीछे मानसिक अवस्था खराब होना अथवा किसी प्रकार के विवाद को लेकर पूछताछ की जा रही है.

काका के ग्यारहवें में सम्मिलित हुए भतीजे की बांध में डूबने से मौत

राजगढ़ से पहुंचे गोताखोरों ने शव बाहर निकाला

नवभारत न्यूज

माचलपुर 15 जुलाई, सं. काका के दशाकर्म यानी ग्यारहवें में रीति रिवाजों को पूरा करने पानी में नहाने उतरे भतीजा भी काल कवलित हो गया. घटना से पूरे अंचल में शोक है. मामला ग्राम भूतियाबे बांध का है. बुधवार को उस समय चीख-पुकार मच गई. जब अपने काका के निधन के ग्यारहवीं (घाटा) के कार्यक्रम में शामिल होने अपने परिजन व समाज के लोगों के साथ माचलपुर का एक 30 वर्षीय युवक बांध के गहरे पानी में डूब गया. करीब दो घंटे की भारी मशक्कत के बाद जिला मुख्यालय से आई रेस्क्यू टीम ने युवक के शव को पानी से बाहर निकाला. इस हृदयविदारक घटना के बाद से पीडित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक जगदीश पिता धन्ना वर्मा जो माचलपुर निवासी है. जो कि बुधवार को अपने परिवार और समाज के लोगों के साथ अपने काका के ग्यारहवीं के कार्यक्रम के सिलसिले में भूतियाबे बांध पर गया था. ग्यारहवीं की क्रिया कर्म करने के बाद बांध में नहाने के लिए उतरा. नहाने के समय जगदीश पानी की गहराई अंदाज नहीं लगा पाया आगे निकल गया और गहरे पानी से वापस बाहर नहीं आया.

घटना की सूचना स्थानीय पुलिस प्रशासन को मिलते ही टीम ने राजगढ़ से विशेष रेस्क्यू टीम को बुलवाया. गोताखोरों ने मोटर बोट और उपकरणों की मदद से करीब डेढ़-दो घंटे की मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला.

8 साल पहले शादी हुई, दो बेटियां परिवार में

इस दर्दनाक हादसे के बाद से पीडित परिवार में मातम छा गया. बताया जा रहा है कि जगदीश का विवाह आठ साल पहले हुआ था. उसकी दो छोटी बेटियां हैं.

किसान मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन

ब्यावरा 15 जुलाई, का. संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में गुना और राजगढ़ के किसानों ने भारत-अमेरिका प्रस्तावित व्यापार समझौते (ट्रेड डील) के विरोध में प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम ब्यावरा को सौंपा. ज्ञापन में कहा गया कि यदि यह व्यापार समझौता वर्तमान स्वरूप में लागू किया जाता है. तो इसका दुष्प्रभाव देश के किसानों, पशुपालकों एवं डेयरी संचालकों पर पड़ेगा.

राज्यमंत्री के जन्मदिन पर युवा मोर्चा ने किया वृक्षारोपण

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 15 जुलाई, का. प्रदेश शासन के राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार के जन्मदिन के अवसर पर युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष गिरराज लववंशी के नेतृत्व में भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल द्वारा वृक्षारोपण कर किया गया.

इस दौरान विधायक प्रतिनिधि मोहन पंवार, गोपाल जाटव, पार्षद विष्णु साहू, मानसिंह राजपूत, रवि बड़ोने पूर्व जिला मंत्री दीपकमल शर्मा, सविता तायल, भाजपा मंडल महामंत्री दीपक सामरे, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अजय ठाकुर, जिला मंत्री मयूर, गुप्ता बनवारी पुष्पद ,पुष्पा मोहन पंवार, सुनीता विश्वकर्मा, आशा राजेंद्र शर्मा, पूजा अग्रवाल,भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सोनू जाटव, संदीप अहिरवार, अजय गौड़, समर्थ नागर, गोलू शर्मा, सोनू सोनी, कपिल मीना, एलकार राव, लखन लोधी, आकाश छैया, रवि सेन, विजय जायसवाल सहित युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

ताले में बंद भ्याना उप स्वास्थ्य केंद्र, स्टाफ नदारद

नवभारत न्यूज

सारंगपुर 15 जुलाई, सं. गांव में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए उप स्वास्थ्य केंद्र तो खोले गए हैं. लेकिन इन स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है. लोगों को इलाज के लिए निजी चिकित्सालय, क्लीनिकों पर या जिला स्तर पर अस्पताल में जाना पड़ता है. स्वास्थ्य केंद्र पर ताला लगे रहने के कारण मरीजों को दूर स्थित अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है.

भ्याना गांव सहित आसपास के गांवों में रहने वाले लोग को बेहतर और समय पर इलाज मिले इसके लिए शासन की ओर से करीब 20 वर्ष पहले उप स्वास्थ्य केंद्र खोला गया था. शुरूआत में केंद्र पर इलाज करने के लिए नियमित डॉक्टर्स आते थे. लेकिन विभाग द्वारा लापरवाही बरते जाने के कारण यहां पर मौजूद स्टॉफ ने आना कम कर दिया है. इस कारण से यहां के लोगों को इलाज के लिए 20 किलोमीटर दूर सारंगपुर जाना पड़ता है.

समय से पहले बंद हो जाता है भ्याना के स्वास्थ्य केंद्र

उप स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से बदहाल हैं. यहां आने वाले मरीजों को इलाज तक नहीं मिल पाता है. यहां निर्धारित समय पर उप स्वास्थ्य केंद्र के ताले नहीं खुलते जिससे मरीज घंटों बैठकर इंतजार करने को मजबूर होते हैं.शासन द्वारा गांव में उपस्वास्थ्य केंद्र खुल तो गया है.

आपके द्वारा मामला संज्ञान में आया है. मैं जांच करवाकर मामले को दिखवा लेता हूं. उपस्वास्थ्य केन्द्र क्यों बंद है.
डॉ भीलवारे बीएमओ सारंगपुर

समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश

राजगढ़ 15 जुलाई, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा जिला जनगणना हस्त पुस्तिका ग्राम निर्देशिका प्रशिक्षण का शुभारंभ कर सर्वेक्षणकर्ता पटवारी, सचिव, शिक्षक, नगरीय निकाय के कर्मचारी को शुद्धिपूर्ण डेटा एंट्री करने तथा निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए. प्रशिक्षण राज्य जनगणना निदेशालय प्रतिनिधि मास्टर ट्रेनर डीके साहू, सुश्री वर्षा मोदी, श्रीमती शीतल कौसरवाल, केके राज द्वारा संचालित किया गया.

ब्यावरा और नरसिंहगढ़ में नगर भ्रमण को निकलेंगे महाप्रभु

आज नरसिंहगढ़ में और शुक्रवार को ब्यावरा में होगा भव्य आयोजन

नवभारत न्यूज

नरसिंहगढ़ 15 जुलाई, सं. थावरिया स्थित जगदीश मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का समापन बुधवार को पूर्णाहुति एवं महाआरती के साथ समापन हुआ.कथा के अंतिम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त किया. कथा व्यास पंडित जय दीक्षित ने महत्व का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को

धर्म, भक्ति और सदाचार का संदेश दिया. आज गुरुवार को भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा की भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी. रथयात्रा शाम 4 बजे थावरिया स्थित जगदीश मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बड़ा बाजार स्थित रामकृष्ण मंदिर पहुंचेगी. वहीं ब्यावरा नगर में पहली बार भगवान जगन्नाथजी की रथयात्रा 17 जुलाई शुक्रवार को निकाली जाएगी. आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों से शामिल होने की अपील की गई है. वहीं नगर में आयोजन को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही है.

किशनगढ़ बालाजी मंदिर का 35वां स्थापना दिवस मनाया

यहां की सुंदरकाण्ड समिति की चौपाईयों का गायन दूर-दूर तक प्रसिद्ध है

नवभारत न्यूज

जीरापुर 15 जुलाई, सं. नगर के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर किशनगढ़ बालाजी के स्थापना दिवस पर विभिन्न धार्मिक आयोजन सम्पन्न हुए. किशनगढ़ मोहल्ले में स्थित यह धार्मिक स्थल गरुड़ासीन भगवान लक्ष्मीनारायण मंदिर के सम्मुख है. यहां 13 जुलाई 1991 को बालाजी मंदिर का नवनिर्माण कर बालाजी की नवनिर्मित मंदिर में मूर्ति विराजित की गई थी. तब से हर वर्ष इस पावन तिथि को स्थापना वर्ष के रूप में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है.

इस अवसर पर एक दिन पूर्व विधि-विधान से पूजा अर्चना कर रामायण पारायण पाठ शुरू किया जाता है. मंदिर संचालन की प्रमुख विशेषता यह है कि विगत 70 वर्षों से अधिक समय से मंदिर पर नियमित रूप से हर मंगलवार को धार्मिक पाठ का आयोजन होता है. इसमें हनुमान चालीसा, गीता जी का एक अध्याय, रामायण के पांच दोहे, राम-नाम की माला, भजन और आरती के बाद प्रसाद वितरण किया जाता है.

श्रावण मास में रामायण का एक अध्याय प्रतिदिन किया जाता है. मंदिर द्वारा संचालित श्री बजरंग नवयुवक समिति द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का पाठ भी प्रसिद्ध है. समिति की गतिविधियां संयोजक पंडित श्यामसुंदर शर्मा व समिति सदस्यों द्वारा की जा रही है.

शराब पीकर वाहन चलाने पर यातायात पुलिस की कार्रवाई

ब्यावरा 15 जुलाई, का. थाना प्रभारी यातायात देवनारायण पांडे के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए बुधवार को वाहन चेकिंग के दौरान गुना रोड स्थित शिवानी होटल के पास एक अल्टो कार चालक अपने वाहन को लहराते हुए चलाता हुआ दिखाई दिया. चालक के वाहन चलाने के तरीके से उसके शराब के नशे में होने का संदेह होने पर उसे पुलिस द्वारा रोककर ब्रेथ एनालाइज़र मशीन से जांच की गई. जांच में चालक द्वारा शराब का सेवन करना पाया गया. उसके विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट में कार्रवाई कर वाहन को जप्त किया. कार्रवाई में उपनिरीक्षक पंचम लाल, प्रधान आरक्षक प्रीतम सिंह भील, संतोष, योगेंद्र सिंह राजपूत, दिगपाल यादव, राहुल चौहान, हरिओम एवं आरक्षक सुनील की सराहनीय भूमिका रही.

खाद्य पदार्थों में मिलावट को लेकर सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज, खिलचीपुर 15 जुलाई, सं. अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, राजगढ़ द्वारा जिले में खाद्य पदार्थों में बढ़ती मिलावट पर रोक लगाने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया. संगठन ने त्योहारों और वैवाहिक सीजन के दौरान खाद्य पदार्थों में मिलावट की बढ़ती आशंका पर चिंता व्यक्त करते हुए आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए प्रभावी कार्रवाई की मांग की. ग्राहक पंचायत ने मांग की कि खाद्य प्रतिष्ठानों, डेयरियों, मिठाई दुकानों एवं निर्माण इकाइयों का नियमित निरीक्षण किया जाए. ज्ञापन सौंपने के दौरान ग्राहक पंचायत के जिला प्रभारी अर्जुन कुशवाह, मुकेश चौधरी, राजेश जायसवाल, सूरज दांगी, बजरंग चौहान, राहुल, महेश कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहें.

कार्यवाही ▶ परिजनों और स्कूलों को ध्यान देने की जरूरत....वरना हो सकता है बड़ा हादसा

एक वैन में 15 बच्चों को ठूंसठूंस कर परिवहन कर रहे

यातायात पुलिस ने लगातार दूसरी बार कार्यवाही करते हुए वाहनों को जब्त किया

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 15 जुलाई, का. बीते 3 जुलाई को यातायात पुलिस ने स्कूली बच्चों को ओवरलोडिंग परिवहन करने वाले वाहनों के विरूद्ध चालान बनाकर जब्त किया था. लेकिन बावजूद इसके हाईवे पर थोड़े से लालच के चक्कर में नन्हे बच्चों की जान दांव पर लगाई जा रही है.

एसपी अमित तोलानी के निर्देशन में थाना प्रभारी यातायात देवनारायण पांडे द्वारा ओवरलोड स्कूल वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए वाहन को जब्त किया गया.

चेकिंग के दौरान उक्त स्कूल वाहन में निर्धारित क्षमता से अधिक संख्या में बच्चों को बैठाकर वाहन चालक परिवहन करते हुए पाया गया, जो मोटरयान अधिनियम एवं यातायात नियमों का उल्लंघन होने के साथ-साथ स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा था. इस पर वाहन को जब्त कर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई. वाहन मालिक पर अधिक से अधिक जुर्माने हेतु प्रकरण तैयार कर न्यायालय पेश किया गया. कार्रवाई में थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक देवनारायण पांडेय, उपनिरीक्षक पंचमलाल कलमे, प्रीतम, दिगपाल, राहुल, शैलेंद्र एवं योगेंद्र की सराहनीय भूमिका रही.

परिजनों को ध्यान देने की जरूरत

यातायात निरीक्षक देवनारायण पांडे ने बताया कि स्कूल के बच्चों के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जावेगी. मेरे द्वारा एवं मेरी स्कूल चेकिंग टीम द्वारा समस्त स्कूल संचालकों, वाहन मालिकों एवं चालकों से अपील की गई है कि वे विद्यार्थियों का परिवहन केवल निर्धारित क्षमता के अनुसार ही करें तथा सभी यातायात एवं सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करें. उन्होंने पालकों से अपील की है कि अपने बच्चों को वाहनों में क्षमता से अधिक संख्या होने पर ना बैठाएं. परिजनों को इस विषय में गंभीर होने की जरूरत है. साथ ही स्कूल संचालकों को भीअवगत कराया जाएगा.

बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल से संबद्ध एवं
बार काउंसलिंग ऑफ इंडिया नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त
राजगढ़ जिले का प्रथम अशासकीय विधि महाविद्यालय
निर्विन्ध्या विधि महाविद्यालय
शासन द्वारा प्राप्त सभी छात्रवृत्ति सुविधा उपलब्ध
विधि पाठ्यक्रम 2026-27
LLB 3 वर्षीय | B.A.LLB 5 वर्षीय | GNM 3 वर्षीय

महाविद्यालय स्तर पर सीधे ऑनलाईन प्रवेश प्राप्त करें
पता : अभयपुर रोड, ग्राम कटारियाखेड़ी, तह. ब्यावरा जिला- राजगढ़
ऑफिस : 7440663447 मो. : 9425039231